aglasem.com

FOR UP CLASS 10 PREPARATION

UP Board Class 10th Model Paper 2027 Home Science

EXAM	YEAR	TYPE	SUBJECT
UP Class 10	2027	Sample Paper	Home Science

कक्षा–10

2026–27

विषय कोड :– 930 | गृह विज्ञान | संकेतांक – 823

केवल प्रश्न पत्र

समयः– 3 घण्टे 15 मिनट | (केवल बालिकाओं के लिए) | पूर्णांक – 70

नोटः– प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षाथियों को प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित है।

निर्देशः

i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

ii) यह प्रश्नपत्र दो खण्डों, खण्ड–अ तथा खण्ड–ब में विभक्त है।

iii) खण्ड–अ में 1 अंक के 20 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं जिनके उत्तर ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक पर नीले अथवा काले बाल प्वाइंट पेन से सही विकल्प वाले गोले को पूर्ण रूप से भरकर चिन्हित करें।

iv) खण्ड–अ के प्रत्येक प्रश्न का निर्देश पढ़कर केवल प्रदत्त ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक पर ही उत्तर दें। ओ0 एम0 आर0 उत्तर पत्रक पर उत्तर देने के पश्चात् उसे काटें नहीं तथा इरेजर अथवा व्हाइटनर का प्रयोग न करें।

v) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।

vi) खण्ड–ब में 50 अंक के वर्णनात्मक प्रश्न हैं।

vii) खण्ड–ब में प्रत्येक उपभाग नये पृष्ठ से प्रारम्भ कीजिए।

viii) प्रथम प्रश्न से आरम्भ कीजिए तथा अन्तिम प्रश्न तक करते जाइए। जो प्रश्न न आता हो उस पर समय नष्ट न कीजिए।

खण्ड–अ बहुविकल्पीय प्रश्न

1. आदर्श बजट माना जाता है– 1
   (A) घाटे का बजट (B) सन्तुलित बजट
   (C) बचत का बजट (D) दैनिक बजट
2. राष्ट्रीय बचत पत्र किसकी योजना है? 1
   (A) बैंक की (B) जीवन बीमा निगम की
   (C) डाकखाने की (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं
3. कौन सी सफाई पूर्व निर्धारित नहीं होती? 1
   (A) दैनिक सफाई (B) मासिक सफाई
   (C) साप्ताहिक सफाई (D) आकस्मिक सफाई
4. यदि कोई ड्राइवर गाड़ी चला रहा है तो उसे चलाने के लिए उसके पास क्या होना चाहिये? 1
   (A) पहचान पत्र (B) ड्राइविंग लाइसेंस
   (C) मोबाइल फोन (D) प्रवेश पत्र
5. ए0टी0एस0 अथवा टेटवैक का इंजेक्शन किस रोग से बचाव के लिये दिया जाता है? 1

(A) टेटनेस (B) डिप्थीरिया
(C) हैजा (D) तपेदिक

6. भूस्खलन का कारण है– 1
(A) औद्योगीकरण (B) नगरीकरण
(C) वनों की कटाई (D) ये सभी

7. अतिसार रोग में शरीर में कमी हो जाती है– 1
(A) वसा की (B) प्रोटीन की
(C) कार्बोहाइड्रेट की (D) जल की

8. एचटूओ का तात्पर्य क्या है? 1
(A) विद्युत (B) पानी
(C) हवा (D) आग

9. सिलाई किट में गुनिया का आकार होता है– 1
(A) एस आकार (B) एल आकार
(C) के आकार (D) इनमें से कोई नहीं

10. कीड़े व फफूंदी से बचाव के लिए कपड़े पर क्या डालना चाहिए? 1
(A) सेन्ट (B) मिट्टी का तेल
(C) फूल (D) नैप्थलीन

11. आदर्श रसोईघर कौन सा होता है? 1
(A) एक दीवार का (B) दो दीवार का
(C) एल आकार का (D) यू आकार का

12. डबलरोटी व बिस्किट बनाने की विधि कहलाती है– 1
(A) ग्रिलिंग (B) रोस्टिंग
(C) बेकिंग (D) टोस्टिंग

13. फटे दूध का पानी किस रोगी को दिया जाता है? 1
(A) मियादी बुखार (B) तपेदिक
(C) रक्त अल्पता (D) पेचिस

14. मानव शरीर में कितने प्रकार के जोड़ (सन्धियां) होते हैं? 1
(A) दो (B) तीन
(C) चार (D) पांच

15. अस्थि निर्माण के लिये आवश्यक है– 1
(A) लौह तत्व (B) सोडियम
(C) मैग्नीशियम (D) कैल्शियम

16. हसुली की अस्थि भंग होने पर बांधेंगे– 1
(A) सेण्ट जांस झोल (B) लम्बी पट्टी
(C) पतली पट्टी (D) इनमें से कोई नहीं

17. श्वसन क्रिया है– 1
(A) ऐच्छिक (B) अनैच्छिक
(C) अनावश्यक (D) इनमें से कोई नहीं

18. घायल के स्थानान्तरण का सर्वोत्तम साधन है– 1

(A) बैसाखी (B) हस्त आसन

(C) स्ट्रेचर (D) इनमें से कोई नहीं

19. बर्फ की टोपी का प्रयोग कब किया जाता है? 1

(A) ठण्ड लगने पर (B) नींद आने पर

(C) तीव्र ज्वर पर (D) विष खाने पर

20. नाड़ी का सम्बन्ध होता है– 1

(A) मानव हृदय के धड़कने से (B) भोजन पाचन से

(C) श्वास लेने से (D) उपर्युक्त में से

खण्ड–ब

अति लघु उत्तरीय प्रश्न

निर्देशः– प्रश्न संख्या 21 से 26 तक अति लघु उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 25 शब्दों में लिखिये। 6X2=12 अंक

21– गृह सज्जा में लय का क्या अर्थ है?

22– फोर लेन खाली सड़कों पर सबसे बांई ओर कौन सी लेन होती है?

23– रीठे के घोल से कौनद से वस्त्र धोये जाते हैं?

24– वसा में घुलनशील विटामिन के नाम बताइये।

25– गर्म सेंक देने की दो विधियां लिखिये।

26– थर्मामीटर की उपयोगिता बताइये।

लघु उत्तरीय प्रश्न

निर्देशः– प्रश्न संख्या 27 से 31 तक लघु उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 50 शब्दों में लिखिये। 5X4=20 अंक

27– 1 किलो अमरूद का मूल्य रू0 35.50 है तो 20 किलो अमरूद का मूल्य बताइये।

28– शुद्ध और अशुद्ध जल में क्या अन्तर है?

29– मक्खियां किस प्रकार रोगों के वाहक का कार्य करती हैं?

30–दाल का सूप बनाने की विधि लिखिये।

31– हस्त आसन से आप क्या समझती हैं? इसकी आवश्यक कब होती है?

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

निर्देशः– प्रश्न संख्या 32 से 34 तक दीर्घ उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। इनके उत्तर 100 शब्दों के अन्तर्गत लिखिए। 3X6=18 अंक

32– बजट का क्या अर्थ है? बजट बनाने हेतु एंजिल के सिद्धान्त को स्पष्ट कीजिये।

अथवा

8 प्रतिशत साधारण वार्षिक ब्याज की दर से 20,000 रूपये का 6 वर्षों का ब्याज कितना होगा?

33– सिलाई कितने प्रकार की होती है? हाथ की सिलाई के विभिन्न टाँकों के नाम लिखिये तथा किन्ही 02 टाँकों की उपयोगिता लिखिये।

अथवा

चेचक रोग का वर्णन निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर कीजिए

ए– रोग के कारण

बी– रोग के लक्षण

सी– रोग के बचाव के उपाय

34– भोजन पकाने के क्या उद्धेश्य हैं? भोजन पकाने की प्रमुख विधियों का वर्णन कीजिये।